प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि सीमा सुरक्षा बल हर पल अपने ध्येय, जीवन पर्यन्त कर्तव्य को चरितार्थ करता है। श्री धनखड़ आज जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल की 154वीं बटालियन के प्रहरी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे बीएसएफ के जवानों के बीच आकर नई ऊर्जा का अहसास कर रहे हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि बीएसएफ के जवान चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पूरी तरह मुस्तैद रहते हैं, जो बेमिसाल है। इस अवसर पर उन्होंने जवानों से संवाद किया और उनके साथ पौधरोपण किया। उपराष्ट्रपति का प्रदेश के दो दिवसीय दौरे का आज दूसरा दिन है।

000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में बकाया कर वसूली के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। जयपुर में राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने और प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए राजस्व संग्रहण बहुत जरूरी है। श्री पंत ने राजस्व अर्जन को बढ़ाने के साथ ही लोगों को कर चुकाने के लिए प्रोत्साहित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने टैक्स चोरी करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने को कहा। मुख्य सचिव ने प्रदेश में अवैध खनन और परिवहन, अवैध शराब की बिक्री और कर चोरी की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विस्तृत योजना बनाने के भी निर्देश दिये।

000

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 10वें संस्करण से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर त्रिकोणासन का एक वीडियो साझा किया। वीडियो में स्वास्थ्य लाभ के लिए इस आसन को करने की जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री ने एकाग्रता में सुधार के लिए त्रिकोणासन का अभ्यास करने की सलाह दी है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रदेशभर में भी इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। कई स्थानों पर योग महोत्सव और योग सप्ताह के आयोजन हो रहे हैं। बूंदी में आज से योग सप्ताह की शुरूआत हुई। आयुर्वेद विभाग की ओर से आयोजित इस सप्ताह का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना है। सहायक नोडल अधिकारी डॉक्टर सुनील कुशवाह ने बताया कि सप्ताह के तहत रोजान शहर के ऐतिहासिक स्थलों पर सामूहिक योग्याभास किया जाएगा। जयपुर के जल महल की पाल पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक कार्यालय जयपुर की ओर से आज सुबह योगाभ्यास कार्यक्रम रखा गया। इसमें सशस्त्र बलों के जवानों सहित शहरवासियों ने भी भाग लिया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के विशेषज्ञों ने योगासन करवाये।

000

पांच दिवसीय हज यात्रा आज से शुरू हो गई है। इसमें दुनियाभर से लगभग 20 लाख ज़ायरीन सऊदी अरब के मीना में इकट्ठा हो रहे हैं। हर साल होने वाली हज यात्रा में भारत से करीब पौने दो लाख यात्री शामिल हो रहे हैं। हज पर गये लोगों ने पवित्र शहर मक्का से अपनी यात्रा की शुरूआत की। ये लोग रात को वहीं रुकेंगे और कल अलसुबह हज के अराफात मैदान की ओर बढ़ेंगे।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में पूर्वी इलाकों में कहीं–कहीं बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 27 मिलीमीटर बरसात चित्तौड़गढ़ के भैंसरोड़गढ़ में दर्ज की गयी। इसके अलावा झालावाड़, बारां, करौली और राजधानी जयपुर में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश हुई। इन स्थानों पर आंधी भी चली। राजधानी जयपुर में आज बादलों की आवाजाही बनी हुई है। तापमान में कुछ कमी आने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। इस बीच, राज्य के विभिन्न भागों में हीटवेव रिकॉर्ड

की गई। कई स्थानों पर पारा 45 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड किया गया। कल सर्वाधिक 46 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज हुआ। विभाग के अनुसार आज दोपहर बाद कोटा, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में आगामी तीन दिन और पूर्वी राजस्थान में चार–पांच दिन कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश की गतिविधियां हो सकती हैं। इसके अलावा आगामी 24 घंटों में राज्य के उत्तरी और पश्चिमी भागों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने और कुछ जगहों पर हीटवेव चलने की संभावना है।

000